Class : 12th     **अभ्यास प्रश्न-पत्र (2022-23)**     कोड- **A**

**Roll No.** | | | | | | | | | | |

# हिन्दी

# HINDI

# (ACADEMIC/OPEN)

समय : **3** घंटे     पूर्णांक-**80**

---

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ 6 तथा प्रश्न 11 हैं।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये कोड नम्बर तथा सेट को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख्य–पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर–पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।
- उत्तर–पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना रोल नं0 प्रश्न–पत्र पर अवश्य लिखें।
- कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न–पत्र पूर्ण व सही है, परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

---

नोट : (i) सभो प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

प्रश्न–1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखिए। 6

i) नीडों से झांक रहे बच्चों का ध्यान चिड़िया के परो में क्या भरता है?

क) शिथिलता ख) विकलता

ग) चंचलत घ) विहवलता

ii) परदे पर किसकी कीमत बताई गई है?

क) अपाहिज ख) कैमरामैन

ग) वक्त घ) अभिनेता

iii) लक्ष्मण मूर्छा और राम का विलाप कविता रामचरितमानस के किस कांड से ली गई है?

क) बालकांड ख) अयोध्या कांड

ग) लंका कांड घ) अरण्यकांड

iv) कवि ने अपने कर्म की तुलना किससे की है?

क) किसान ख) साहित्यकार

ग) धनी घ) निर्धन

v) कवि के अनुसार कौन रात बीतने पर पाप के अध्याय खोलता है?

क)यमराज ख) चित्रगुप्त

ग) फरिश्ते घ) ईश्वर

vi) कविता रूपी फसल की कटाई कितनी बार की जा सकती है?

क)एक बार ख) दो बार

ग) अनंत बार घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 2 निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 5

उस समय गिरने से बचाता है उन्हें
सिर्फ उनके ही रोमांचित शरीर का संगीत
पतंगों की धड़कती ऊचांइयाँ उन्हें थाम लेती हैं
महज एक धागे के सहारे

पतंगों के साथ–साथ वे भी उड़ रहे हैं
अपने रंध्रों के सहारे।

अथवा

मेरा जो होता–सा लगता है होता–सा संभव है
सभी वह तुम्हारे ही कारण के कार्यों का घेरा है,
कार्यों का वैभव है
अब तक तो जिंदगी में जो कुछ था,
जो कुछ है सहर्ष स्वीकारा है
इसलिए कि जो कुछ भी मेरा है
वह तुम्हें प्यारा है।

प्रश्न 3 तुलसीदास अथवा आलोक धन्वा के जीवन, रचनाओं एवं भाषा शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। **5**

प्रश्न 4 कविताओं के आधार पर निम्न प्रश्नों के उतर दीजिए। 2+2

i) सूर्योदय होने से उषा का कौन–सा जादू टूट रहा है?

ii) कवि किस दृश्य को रोककर रखना चाहता है और क्यों?

प्रश्न 5 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उतर–पुस्तिका में लिखिए। **6**

i) कितने वर्ष की अवस्था में भक्तिन विधवा हो गई?

क) 28 वर्ष ख) 26 वर्ष

ग) 29 वर्ष घ) 36 वर्ष

ii) जीजी के लड़के ने पुलिस की लाठी किस आंदोलन में खाई थी?

क) राष्ट्रीय आंदोलन ख) भूदान आंदोलन

ग) अवज्ञा आंदोलन घ) नमक आंदोलन

iii) लुट्टन पहलवान कितने वर्ष तक अजेय रहा?

क) 10 वर्ष ख) 15 वर्ष

ग) 18 वर्ष घ) 20 वर्ष

iv) शिरीष के फूल को संस्कृत साहित्य में कैसा माना गया है?

क) कोमल ख) सख्त

ग) मुलायम घ) कठोर

v) सफिया अपने भाइयों से मिलने कहाँ जा रही थी?

क) ढाका ख) लाहौर

ग) अमृतसर घ) कराची

vi) दंगल का स्थान किसने ले लिया था?

क) क्रिकेट ने ख) फुटबॉल ने

ग) घोड़ों की रेस ने घ) भाला–फेंक ने

प्रश्न 6 निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 5

शिरीष भी अवधूत है। शिरीष वायुमंडल से रस खींचकर इतना कोमल और इतना कठोर है गांधी भी वायुमंडल से रस खींचकर इतना कोमल और इतना कठोर हो सका था। मैं जब–जब शिरीष की ओर देखता हूँ तब–तब हूक उठती है–हाय, वह अवधूत आज कहाँ है।

अथवा

लोक संयमी भी होते हैं। बेफिजूल सामान को फिजूल समझते हैं वे पैसे को बहाते नहीं है और बुद्धिमान होते हैं। बुद्धि और संयमपूर्वक वे पैसे को जोड़ते जाते हैं, जोड़ते जाते हैं। वे पैसे की पावर को इतना निश्चय समझते हैं कि उसके प्रयोग की परीक्षा उन्हें दरकार नहीं है। बस खुद पैसे से जुड़ा होने पर उनका मन गर्व से भरा फूला रहता है।

प्रश्न 7 निम्नलिखित प्रश्नों के उतर दीजिए। 3+3+3=9

i) भक्तिन अपना वास्तविक नाम लोगों से क्यों छुपाती थी? भक्तिन को यह नाम किसने और क्यों दिया होगा?

ii) लोगों ने लड़कों की टोली को मेंढक मंडली नाम किस आधार पर दिया? यह टोली अपने–आपको इंद्रसेना कहकर क्यों बुलाती थी?

iii) चार्ली चैपलिन की लोकप्रियता का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 8 ‘ वितान भाग 2’ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उतर दीजिए। 2x5=10

i) गाँव भर में लेखक का कोल्हू सबसे पहले क्यों शुरू होता था?

ii) यशोधर बाबू ने आजीवन अपना घर क्यों नहीं बनाया?

iii) खेत में काम करते समय लेखक का अकेलापन कैसे दूर हो गया था?

iv) 'अतीत में दबे पांव' पाठ के आधार पर सिंधु घाटी की सभ्यता की विशेषता बताइए।

v) ऐन फैंक के नारी विषयक विचारों का विवेचन कीजिए।

प्रश्न 9 अभिव्यक्ति और माध्यम के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उतर दीजिए 1+1+3=5

i) भारत में पहला छापा खाना कब लगा?

क) सन 1526 में     ख) सन 1556 में

ग) सन 1566 में     घ) सन 1626

ii) किसी खास विषय पर सामान्य लेखन से हटकर किया गया लेखन कहलाता है–

क) विशेष लेखन     ख) क्रियात्मक लेखन

ग) सकारात्मक लेखन   घ) रचनात्मक लेखन

iii) नाटक के तत्व कौन कौन से है स्पष्ट कीजिए।

iv) समाचार लेखन के छह ककार कौन से है? विस्तार से बताइए

प्रश्न 10 नैतिक शिक्षा के आधार पर प्रश्नो के उतर दीजिए। 3+3+2+2

i) किस घटना से सिद्ध होता है कि सिद्धार्थ बचपन से ही दयालु थे?

ii) अब्दुल हमीद की शहादत ने क्या सिद्ध कर दिया?

iii) अर्जुन ने युद्ध के विषय में श्रीकृष्ण से क्या कहा?

iv) सच्चे भक्त की पहचान क्या होती है?

प्रश्न 11 व्याकरण के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उतर दीजिए।

i) वागीश्वर (संधि विच्छेद कीजिए) ।

ii) प्रति+अंग (संधि कीजिए) ।

iii) मखमल के झूले पड़े हाथी–सा टीला में निहित अलंकार का नाम बताइए 1

iv) चौराहा समस्त पद का विग्रह करके समास का नाम बताइए। 1

v) अनुप्रास अलंकार का एक उदाहरण लिखिए। 1

vi) शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए। 1

1) लड़की आँख से कानी है।

2) लड़की कानी आँख से है।

3) लड़की की आँख कानी है।

4) लड़की कानी है।

vii) शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए– 1

1) मेरे पास एक पैन है।

2) पैन केवल मेरे पास है।

3) एक पैन है मेरे पास।

4) केवल मात्र एक पैन है।

viii) चक्रधर शब्द में समास है– 1

ix) स्वर संधि की परिभाषा उदाहरण सहित दीजिए। 2